# सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**गंगरार.** मेवाड़ विश्वविद्यालय के जन एवं माध्यम संचार विभाग के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस मौके पर विषय विशेषज्ञ फैजान अली अहमद और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के जनसंचार विभाग के पीएचडी शोध छात्र आबिद रेजा को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डीन अकादमिक प्रो. सीके शर्मा ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को ग्राफिक्स एवं एनिमेशन के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी गई। तकनीकी के दौर में इससे अछूता रहना अल्पज्ञान का परिचायक है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी छात्रों के लिए इस प्रकार के कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में छात्र अपनी समस्याओं का समाधान तत्काल रूप में प्राप्त कर लेते हैं। इससे इसकी प्रासंगिकता बढ़ जाती है। जन एवं संचार माध्यम संचार विभागाध्यक्ष डॉ. रणजीत कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों ने अपने समय का सदुपयोग किया। इससे भविष्य में ऐसे आयोजन करने के लिए प्रेरणा मिलती है।

# सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

भास्कर संवाददाता | गंगरार

मेवाड़ विश्वविद्यालय के जन संचार विभाग में सात दिवसीय कार्यशाला बुधवार को संपन्न हुई। विषय विशेषज्ञ फैजान अली अहमद और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के जनसंचार विभाग के शोधार्थी आबिद रेजा का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। समापन सत्र में डीन (अकादमिक) प्रो. सीके शर्मा ने कहा कि इस कार्यशाला से छात्रों को ग्राफिक्स एवं एनिमेशन के विभिन्न आयाम के बारे में जानकारी हुई। ऐसी कार्यशाला में छात्र अपनी समस्याओं का समाधान तत्काल प्राप्त कर लेते हैं। संचालन विभाग अध्यक्ष डॉ. रणजीत कुमार ने की।